# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबागान, नामकोम, राँची–834010.

e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com


**विज्ञापन संख्या–18/2023 एवं 19/2023**

**झारखण्ड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023**

## आवश्यक सूचना– 13

दिनांक– 28.01.2026

झारखण्ड तकनीकी/विशिष्ट योग्यताधारी स्नातक स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2023 (नियमित एवं बैकलॉग) के प्रथम एवं द्वितीय पत्र का आयोजन दिनांक 15.02.2026 से 21.02.2026 तक किया जायेगा एवं तृतीय पत्र की परीक्षा का आयोजन दिनांक 24.02.2026 से 02.03.2026 तक किया जायेगा। अभ्यर्थियों को उनके द्वारा दी जाने वाली सभी परीक्षाओं के तिथि की सूचना दिनांक 08.02.2026 से Mail/SMS के माध्यम से भी दी जायेगी।

2. सभी पत्रों की परीक्षा का आयोजन राँची स्थित विभिन्न CBT आधारित परीक्षा केन्द्रों में की जायेगी।

3. एक से अधिक पदों के लिये आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के तृतीय पत्र की परीक्षा पद पाठ्यक्रम के अनुसार अलग–अलग पाली में आयोजित की जायेगी।

4. अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र परीक्षा के दो दिन पूर्व आयोग के अधिकृत वेबसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in से आवेदन में वर्णित ईमेल/पंजीकरण (आवेदन) संख्या एवं जन्मतिथि (DDMMYY) डालकर डाउनलोड कर सकेंगे।

**5. सभी अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि परीक्षा प्रवेश–पत्र की एक अतिरिक्त प्रति एवं दो फोटो अपने साथ परीक्षा केन्द्र पर ले जाना सुनिश्चित करेंगे।**

6. अभ्यर्थियों को सलाह दिया जाता है कि परीक्षा से संबंधित शुचिता को बरकरार रखेंगे तथा किसी प्रकार के कदाचार संबंधी प्रयास में शामिल नहीं होंगे अन्यथा दोषी पाये जाने पर झारखण्ड प्रतियोगी परीक्षा (भर्ती में अनुचित साधनों की रोकथाम व निवारण के उपाय) अधिनियम, 2023 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जायेगी।

7. अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि आयोग के वेबसाईट https://jssc.jharkhand.gov.in का नियमित अवलोकन करेंगे।

ह०/–

परीक्षा नियंत्रक।